# एमडीआई गुड़गांव ने की 'एमडीआई मेगामाइंड्स' की घोषणा

## नेक्स्ट-जनरेशन एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप पिच इवेंट



**नई दिल्ली।** मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने रविवार 15 जून 2025 को अपने प्रमुख स्टार्टअप पिच इवेंट एमडीआई मेगामाइंड्स के एक और पावर-पैक्ड एडीशन का आयोजन किया। कार्यगक्रम का आयोजन लक्ष्य बिल्डिंग, तीसरी मंज़िल, कमरा नंबर 9, एमडीआई गुड़गांव कैंपस में किया गया। एमडीआई मेगामाइंड्स ने अपने आप को ऐसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया है जहां दूरदृष्टा उद्यमियों को अनुभवी निवेशकों एवं स्टार्ट-अप प्रशंसकों के साथ मिलने का मौका मिलता है। एनर्जी से भरपूर इस दिन ने प्रतिभागियों को नेटवर्किंग एवं वास्तविक विकास के अवसर प्रदान किए। पिछले पांच सालों के दौरान एमडीआई मेगामाइंड्स ने 150 से अधिक स्टार्ट-अप्स को सफलतापूर्वक प्रभावित किया है, इस आयोजन ने देश के उभरते स्टार्ट-अप सिस्टम में बड़े आइडियाज़ एवं महत्वपूर्ण कनेक्शन्स के लिए लॉन्चपैड की भूमिका निभाई है। इस साल के संस्करण का उद्देश्य महत्वाकांक्षी संस्थापकों, निवेशकों को एक मंच पर लाना है, जो नई पीढ़ी के इनोवेशन्स के साथ वास्तविक दुनिया की स्टार्ट-अप यात्रा से कुछ सीखना चाहते हैं। श्री स्रीजीत पिल्लै-सीबीओ, यूटीआई ऑल्टरनेटिव्स श्री चित्रांशु महंत-सह-संस्थापक, प्राइमबुक श्री समीर माथुर- एमडी एवं सीईओ, रोइनेट सोल्युशन्स यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला था, चाहे आप एक स्टार्ट-अप हैं और आपको फंडिंग की ज़रूरत है; या आप निवेशक हैं और किसी बड़े आइडिया में निवेश करना चाहते हैं; या छात्र या प्रोफेशनल हैं और आपकी एंटरप्रेन्योरशिप में गहरी रूचि है। इस साल के एमडीआई मेगामाइंड्स में प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं जूरी सदस्यों का शानदार पैनल शामिल था, जिनमें उद्यमिता एवं निवेश की दुनिया से कुछ सबसे प्रभावशाली एवं दूरदृष्टा लीडर मौजूद रहे। उपस्थितगणों को उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करने और सीखने का मौका मिला। इन दिग्गजों में श्री राज चेतन, जाने-माने निवेशक और स्टार्ट-अप मेंटर; मिस सान्या दुग्गल, प्रतिष्ठित उद्यमी, जिन्हें गेम-चेंजिंग उद्यमों के लिए जाना जाता है; मिस संजना अग्रवाल, इनोवेशन में विचारक; श्री अरूण मेहता, बिज़नेस स्ट्रैटेजी में अग्रणी; श्री मयंक बंसल, कई सफल उद्यमियों के पीछे मुख्य प्रेरक; श्री मनीष वर्मा, जाने-माने बिज़नेस अडवाइज़र; श्री आशीष सिंगला, मैनेजमेन्ट में विशेषज्ञ एवं अग्रणी अकादमिकज्ञ; और डॉ परमजीत लांबा, जिन्हें उद्यमिता शिक्षा में प्रभावी योगदान के लिए जाना जाता है- शामिल थे। इन सभी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया, उन्हें मार्गदर्शन दिया।